# राजस्थानी सिनेमा : क्या हम इसे मरते हुए देखते रहेंगे ?

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**टोंक।** राजस्थानी सिनेमा आज उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ उसके अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लग चुका है। फ़िल्म बनाना कितना कठिन कार्य होता है, यह एक फ़िल्म निर्माता और निर्देशक से बेहतर कोई नहीं जान सकता। कहानी के जन्म से लेकर परदे तक पहुँचने की यात्रा में सीमित बजट, तकनीकी अभाव, वितरण की समस्याएँ और दर्शकों की अनिश्चितता जैसे अनगिनत संघर्ष शामिल होते हैं। इसके बावजूद कुछ जिद्दी और जुनूनी फ़िल्म निर्माता आज भी राजस्थानी भाषा, कला, संस्कृति और सिनेमा के प्रेम में अपने घर-बार दाँव पर लगाकर इस मृतप्राय सिनेमा को जीवनदान देने का प्रयास कर रहे हैं। एक समय था जब राजस्थानी सिनेमा सिल्वर जुबली और गोल्डन जुबली जैसी ऐतिहासिक सफलताओं का प्रतीक था। क्षेत्रीय सिनेमा के नाम पर इसका दबदबा था, और इसकी पहचान प्रदेश की सीमाओं से बाहर तक थी। आज वही सिनेमा अपने ही घर में उपेक्षित खड़ा है। इसके पतन का सबसे बड़ा कारण केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि अपनी ही भाषा और संस्कृति के प्रति दर्शकों की बढ़ती उदासीनता है। जब दर्शक ही मुँह मोड़ ले, तो कोई भी सिनेमा कैसे जीवित रह सकता है?



जी. नटराज (लेखक व निर्देशक)

यह मान लेना कि राजस्थान के फ़िल्म निर्माता बॉलीवुड या दक्षिण भारतीय सिनेमा जैसी फ़िल्में नहीं बना सकते, सरासर भ्रम और आत्महीनता है। यहाँ प्रतिभा की कोई कमी नहीं—कहानियाँ हैं, कलाकार हैं, तकनीकी समझ भी है। कमी है तो केवल भरोसे और समर्थन की। जब तक राजस्थानी सिनेमा को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिलेगा, तब तक वह अपनी क्षमता कैसे सिद्ध करेगा? आज निर्माता और निर्देशक अपनी ओर से पूरी ईमानदारी और मेहनत कर रहे हैं, लेकिन यह लड़ाई अकेले नहीं लड़ी जा सकती। सवाल यह है कि कोई भी निर्माता कब तक अपना घर फूँक कर तमाशा दिखाता रहेगा? जुनून की भी एक सीमा होती है। जब समाज, दर्शक और व्यवस्था साथ नहीं देती, तो सबसे मजबूत इरादे भी टूटने लगते हैं।

इस पूरे संकट में राजस्थान के सिनेमा हॉल मालिकों की भूमिका भी कटघरे में है। राजस्थानी फ़िल्मों के प्रति उदार और सहयोगात्मक रवैया अपनाना अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। यदि स्थानीय फ़िल्मों को पर्याप्त शो, उचित समय और सम्मानजनक मंच नहीं मिलेगा, तो उनके असफल होने का ठीकरा केवल निर्माताओं पर फोड़ना सरासर अन्याय होगा। अब समय आ गया है कि आम राजस्थानी जागे। यह केवल सिनेमा बचाने की लड़ाई नहीं, बल्कि अपनी भाषा, अपनी संस्कृति और अपनी पहचान को बचाने का आंदोलन है। यदि आज भी हम उदासीन बने रहे, तो कल हमारे पास पछतावे के सिवा कुछ नहीं बचेगा। राजस्थानी सिनेमा को उसके स्वर्णिम दौर में लौटाने के लिए निर्माता, कलाकार, दर्शक और सिनेमा हॉल मालिक—सभी को एक साथ खड़ा होना होगा। यह समय तमाशा देखने का नहीं, इतिहास रचने का है। सवाल बस इतना है—क्या हम साथ खड़े होंगे, या फिर राजस्थानी सिनेमा को चुपचाप दम तोड़ते हुए देखते रहेंगे?

# टोंक जेल का साप्ताहिक निरीक्षण: व्यवस्थाएं संतोषजनक, बंदियों को दी गई कानूनी सहायता की जानकारी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**टोंक।** जिला कारागृह टोंक का साप्ताहिक निरीक्षण बुधवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय कारागृह में निर्धारित क्षमता 513 के मुकाबले 502 पुरुष बंदी उपस्थित पाए गए, जबकि शेष बंदियों के न्यायालय में पेशी पर होने की जानकारी दी गई। न्यायाधीश ने कारापाल राजेश कुमार मीणा से जेल प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों की सुविधाओं को लेकर विस्तृत जानकारी ली। जेल परिसर साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित पाया गया। इस दौरान न्यायाधीश ने भोजनशाला में जाकर भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की, जो संतोषजनक पाई गई। उन्होंने कारागार में संचालित विधिक सेवा क्लिनिक का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद कर उनके मुकदमों की स्थिति, कोर्ट पेशी और अधिवक्ताओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं है, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता पंकज कुमावत, पीएलवी मदन लाल वर्मा सहित डीएसएलएसए टोंक के कार्मिक उपस्थित रहे।




# फर्जी सिम से करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

महानगर मेट्रो

**टोंक।** जिले में साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला स्पेशल टीम और थाना सदर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फर्जी सिम और बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और डीएसटी टीम के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी दिलखुश (22) निवासी खेड़ली, थाना अलीगढ़ को पकड़ लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी सिम कार्ड और बैंक खातों का उपयोग कर अलग-अलग लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दिया। उसके खिलाफ साइबर पोर्टल पर कई शिकायतें दर्ज हैं और करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक वेन्यू कार, दो मोबाइल फोन, एक चेक बुक, एक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपी ने करीब 22 फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल किया। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आरोपी के अन्य साथियों, सिम उपलब्ध कराने वालों तथा बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई से साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है और आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है।




# सियासत की 'लक्ष्मण रेखा': जब परिवार बना निशाना, तो क्या दांव पर लगी मर्यादा ?

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय राजनीति में मतभेद और वैचारिक युद्ध हमेशा से रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में एक ऐसा चलन शुरू हुआ है जो लोकतंत्र के 'अनकहे नियमों' को तार-तार कर रहा है। राजनीति का एक पुराना और सम्मानित उसूल रहा है कि सियासी लड़ाई के मैदान में परिवार को नहीं घसीटा जाता, खासकर तब जब परिवार राजनीति से सक्रिय रूप से न जुड़ा हो। लेकिन आज की 'चापलूसी वाली राजनीति' ने इन तमाम नैतिक बंधनों को तोड़ दिया है।

### सिस्टम से बाहर के 'दो सूरमा'

देश की राजनीति में आज दो मुख्यमंत्री ऐसे हैं, जिन्हें 'सिस्टम से बाहर' का माना जाता है। ये वो नेता हैं जिन्होंने अपनी जमीन खुद तैयार की है और वे किसी भी दबाव में झुकने के लिए तैयार नहीं होते। जब ये अपनी पर आ जाएं, तो सत्ता के शिखर पर बैठे दिग्गजों की भी परवाह नहीं करते। लेकिन हाल ही में, एक ऐसे नेता ने—जो अपनी योग्यता से नहीं बल्कि चापलूसी के दम पर सियासत की सीढ़ियां चढ़ा है—इनमें से एक मुख्यमंत्री के निजी जीवन और उनकी पत्नी को निशाना बनाकर एक बड़ा 'सियासी पंगा' मोल ले लिया है।



### परिवार पर हमला: राजनीति का सबसे निचला स्तर?

राजनीति के जानकारों का मानना है कि परिवार पर हमला करना कमजोरी की निशानी है।

## बिना सबूत परिवार पर हमले से सियासत का स्तर गिरा, विचारों की जगह निजी आरोपों ने ली—क्या जनता देगी इसका जवाब ?

### नियम क्या कहता है?

यदि किसी नेता ने काली कमाई या भ्रष्टाचार का पैसा परिवार के नाम किया है, तो सबूतों के साथ उस पर बात करना जायज है। लेकिन बिना किसी ठोस प्रमाण के, सिर्फ नीचा दिखाने के लिए परिवार की महिलाओं या बच्चों को निशाना बनाना कायरता है।

**संस्कार बनाम चापलूसी**

जो नेता जमीन से संघर्ष कर के आए हैं, वे इन मर्यादाओं को समझते हैं। इसके उलट, जो 'दरबारी संस्कृति' और चापलूसी से नेता बने हैं, उन्हें न तो नीति का ज्ञान है और न ही मर्यादा की समझ।

**निजी पंगा और उसके परिणाम**

जब आप किसी ऐसे स्वाभिमानी मुख्यमंत्री से निजी पंगा लेते हैं जो अपनी धुन का पक्का है, तो उसके परिणाम दूरगामी होते हैं। पत्नी पर किया गया ओछा वार न केवल उस नेता को आहत करता है, बल्कि जनता की नजरों में भी हमलावर की छवि को धूमिल करता है।

### महानगर मेट्रो का नजरिया

क्या राजनीति इतनी संवेदनहीन हो गई है कि अब विरोधियों को चुप कराने के लिए उनके घर की दहलीज लांघना जरूरी हो गया है? सबूतों के बिना निजी हमले करना न केवल अनैतिक है, बल्कि यह उस 'सियासी आग' को न्योता देना है जो आने वाले समय में मर्यादाओं को पूरी तरह भस्म कर देगी। बयानबाजी का यह चमन-पुतियापन (ओछापन) लोकतंत्र के लिए घातक है। राजनीति में वार 'विचारों' पर होना चाहिए, 'परिवार' पर नहीं।

# सियासत का 'कड़वा' हलवा: क्या मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघ रही है बयानबाजी ?

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**पटना।** जैसे-जैसे चुनावी पारा चढ़ रहा है, राजनीतिक मर्यादा के बांध टूटते नजर आ रहे हैं। बिहार की राजनीति के धुरंधर और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक ऐसा तीखा तंज कसा है, जिसने पूरे देश के सियासी गलियारों में भूचाल ला दिया है। तेजस्वी यादव का हालिया बयान– 'मोदी जी तो गोबर को भी हलवा बनाकर परोस देते हैं '–अब चर्चा का विषय नहीं, बल्कि विवाद का केंद्र बन चुका है।

### व्यंग्य या वैचारिक गिरावट ?

तेजस्वी यादव का यह बयान सीधे तौर पर प्रधानमंत्री की मार्केटिंग और भाषण कला पर हमला माना जा रहा है। आरजेडी समर्थकों का तर्क है कि यह एक 'राजनीतिक व्यंग्य' है, जिसका उद्देश्य जनता को यह समझाना है कि सरकार विफलताओं को भी सफलता बताकर पेश करती है।

हालांकि, सत्ता पक्ष और राजनीतिक विश्लेषकों का एक बड़ा वर्ग इसे भाषाई मर्यादा का उल्लंघन मान रहा है। क्या विरोध प्रकट करने के लिए 'गोबर' और 'हलवा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल जरूरी है? क्या देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के लिए ऐसी उपमाएं राजनीति के गिरते स्तर को नहीं दर्शातीं?



मुद्दों से ध्यान भटकाने की रणनीति ?

अक्सर देखा गया है कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, तो बुनियादी मुद्दों (बेरोजगारी, महंगाई, विकास) की जगह ऐसे 'विवादित बयान' हेडलाइंस बन जाते हैं।

**रणनीति:**क्या यह सिर्फ सुर्खियां बटोरने का एक तरीका है?

**असर:**इस तरह की भाषा का युवा पीढ़ी और आम जनता की सोच पर क्या प्रभाव पड़ता है?

### जनता की अदालत में सवाल

महानगर मेट्रो के माध्यम से आज यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या लोकतंत्र में विरोध सिर्फ तीखे और आपत्तिजनक शब्दों तक ही सीमित रह गया है? चुनावी रैलियों में लगने वाले ये 'तड़के' तालियां तो बटोर सकते हैं, लेकिन क्या ये स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान हैं?

तेजस्वी यादव के इस 'हलवा' वाले बयान पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। बीजेपी इसे प्रधानमंत्री का अपमान बताकर भुनाने की कोशिश करेगी, वहीं विपक्ष इसे अपनी आक्रामक शैली करार देगा। लेकिन हकीकत यही है कि जब तक राजनीति में 'मुद्दों' से ज्यादा 'शब्दों' पर युद्ध होगा, तब तक जनता के असली सवाल पीछे छूटते रहेंगे। अब देखना यह होगा कि क्या चुनाव आयोग या जनता की चेतना ऐसी बयानबाजी पर कोई लगाम लगाती है या यह सिलसिला और भी 'कड़वा' होता जाएगा।

# डोंगरगढ़ में महापौर मधुसूदन यादव का भव्य अभिनंदन

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव के पूर्व सांसद एवं वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव के डोंगरगढ़ आगमन पर नगर में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। वे अपने अल्प प्रवास के दौरान शहर भाजपा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। शिविर के उपरांत वे भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी के निवास पहुँचे, जहाँ नगरवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

मोनू भंडारी के निवास पर महापौर के स्वागत को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने दुपट्टा पहनाकर श्री यादव का सम्मान किया तथा आतिशबाजी के साथ जोरदार अभिनंदन किया। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय एवं प्रभावशाली बन गया। इस अवसर पर भंडारी परिवार द्वारा अतिथियों का आत्मीय सत्कार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मोनू भंडारी ने महापौर यादव के प्रति अपनी आत्मीयता व्यक्त करते हुए कहा कि 'कुछ रिश्ते विधाता स्वयं गढ़ता है। मधुसूदन यादव जैसे व्यक्तित्व से हम जैसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं को ऊर्जा और निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।' उनके निवास पर उमड़ी भीड़ उनके प्रति जनविश्वास और जुड़ाव को दर्शाती है।



महापौर मधुसूदन यादव ने उपस्थित नागरिकों से संवाद कर शहर की समस्याओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। चर्चा के दौरान निर्माणाधीन वाई-शेप ब्रिज प्रमुख मुद्दे के रूप में सामने आया। नागरिकों ने इसे वी-शेप में परिवर्तित किए जाने पर चिंता जताते हुए मांग की कि ब्रिज को मूल वाई-शेप में ही निर्मित किया जाए तथा उसका एक छोर कालकापारा चौक के पास जोड़ा जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। विशेष रूप से नवरात्रि मेले के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस मांग को आवश्यक बताया गया।

इसके अतिरिक्त, बम्लेश्वरी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु महावीर मंदिर से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए फुटओवर ब्रिज निर्माण की मांग भी रखी गई। नागरिकों का कहना था कि इससे ज्योति विसर्जन के समय व्यवस्था बेहतर होगी और दैनिक आवागमन भी सुरक्षित बनेगा। महापौर यादव ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में सांसद संतोष पांडे, जिला कलेक्टर एवं रेलवे प्रशासन से चर्चा कर शीघ्र समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान डोंगरगढ़ एवं आसपास क्षेत्र के जिजुत्सु-कराटे खिलाड़ियों ने भी महापौर का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया। महापौर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और वास्तविक सम्मान के अधिकारी हैं।

कार्यक्रम के समापन पर मोनू भंडारी एवं उनके परिवार द्वारा सभी अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहभागिता की।

इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अमित जैन, सुमीत ताम्रकार, गोपाल खेमुका, विमल अग्रवाल, योद्धा सिंह राठौड़, गिरधारी चोपड़ा, दीपक अग्रवाल, आलोक कलचुरी, महावीर भंडारी, कन्हैया महाराज, अंशुल जैन, श्रेयस भैया, विकास सहारे, अमन यादव, सत्यम स्वामी, राणा अजय सिंह एवं आकाश चोपड़ा सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

# पेयजल संबंधी बजट घोषणाओं से टोंक जिले के लोगों को रोजाना मिलेगा शुद्ध एवं मीठा पानी



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**टोंक।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी राजस्थान के हर छोर पर लोगों को शुद्ध व मीठा पानी मिले इसके लिए पेयजल योजनाओं को धरातल उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं में टोंक जिले के लोगों को रोजाना पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए पेयजल योजनाओं के सुदृढीकरण का कार्य प्रगतिरत है। वर्तमान में टोंक जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बीसलपुर बांध से पेयजल व्यवस्था की जा रही है। टोंक एवं मालपुरा शहर में एक दिवस के अंतराल से सप्लाई की जा रही है तथा शेष देवली, उनियारा, टोडारायसिंह, निवाई शहरों में दैनिक सप्लाई की जा रही है। जिले के सभी 1118 ग्रामों में एक दिवस के अन्तराल से सप्लाई की जा रही है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश कुमार गोयल ने बताया कि टोंक शहर में दैनिक जलापूर्ति किये जाने के लिए डीपीआर तैयार किये जाने का कार्य किया जा रहा है। मालपुरा कस्बे में दैनिक पेयजल आपूर्ति किये जाने के लिय पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट घोषणा 2024 के अन्तर्गत 35 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है जिसकी निविदा प्रकियाधीन है। इसके अतिरिक्त जिले में पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 के अन्तर्गत शहरी जल योजना देवली, टोडारायसिंह व ग्रामीण जल योजना अलीगढ स्वीकृत है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के अन्तर्गत निवाई, डिग्गी, लांबाहरिसिंह शहरी पेयजल योजनाओं के संवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तथा पाईप एवं टेंक स्कीम जादमों की ढाणी को पाईप स्कीम में बदलने की योजना, ग्राम पंचायत भांसू, दाबडदुम्बा, मुंडियाकलां, भांवता, लक्ष्मीपुरा धाकडान, राजमहल, बोटुण्डा, कंवरावास, नयांगांव एवं बीसलपुर बांध के डूब क्षेत्र में स्थित तहसील देवली के 20 ग्रामों की पेयजल योजना, ग्रामीण पेयजल योजना वनस्थली स्वीकृत है। टोडारायसिंह, अलीगढ़ एवं वनस्थली जल योजना का कार्य प्रगतिरत है तथा शेष कार्यों की निविदाएँ प्रक्रियाधीन है।

# दूनी ग्राम में सरोली रोड के 15 अवैध जल कनेक्शन हटाए गए

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**टोंक।** गर्मी में आमजन को पेयजल को लेकर परेशानी ना हो इसके लिए जलदाय विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। इसी के तहत अधीक्षण अभियंता (एसई) प्रोजेक्ट टोंक के निर्देशन में, सहायक अभियंता पूरण मल बैरवा के नेतृत्व में जलदाय विभाग की टीम ने दूनी ग्राम में बुधवार को सरोली रोड के 15 अवैध जल कनेक्शन को हटाने का अभियान चलाया। साथ ही अवैध कनेक्शन करने वालों के खिलाफ 7 हजार 210 रुपये का जुर्माना लगाया गया।



अधिषाषी अभियन्ता ने बताया कि अवैध जल कनेक्शन न केवल पेयजल का दुरुपयोग का कारण बनते हैं, बल्कि वैध उपयोगकर्ताओं के लिए जल आपूर्ति वितरण प्रणाली और दबाव को भी प्रभावित करते हैं। एईएन पूरण मल बैरवा ने सभी लोगों से अधिकृत माध्यमों से उचित जल कनेक्शन लेने की अपील की। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अवैध कनेक्शन की पुनरावृत्ति होती है, तो दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की जाएगी। जलदाय विभाग अवैध कनेक्शनों के खिलाफ आगामी दिनों में अपने अभियान को सख्ती से जारी रखेगा।

# सआदत अस्पताल में नए पीएमओ की नियुक्ति, लेकिन गंदगी पर कब लगेगा ब्रेक ?

## अजीब विडंबना: भगवान जैसे डॉक्टर, लेकिन नर्क जैसे अस्पताल

महानगर मेट्रो एक्सक्लूसिव

**टोंक, (पीयूष गौत्तम)।** जिला मुख्यालय स्थित सआदत अस्पताल में डॉ. प्रतीक सालोदिया को नया प्रमुख चिकित्सा अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। आदेश जारी हुए, पदभार ग्रहण हुआ, बयान भी आ गया– 'बेहतर इलाज देंगे, पारदर्शिता लाएंगे '–लेकिन जमीनी हकीकत वही पुरानी है। अस्पताल की हालत पर नजर डालें तो सबसे बड़ा सवाल इलाज से पहले माहौल का है। गंदगी, बदबू और अव्यवस्था से जूझते इस अस्पताल में मरीज इलाज कराने आते हैं या सजा काटने—यह समझना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में हर नए अधिकारी की तरह 'बेहतर सेवाओं' का दावा लोगों को अब घिसा-पिटा वादा ही लगता है। हैरानी की बात यह है कि जहां डॉक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, वहीं अस्पताल का माहौल कई बार नर्क जैसी स्थिति पैदा कर देता है। क्या बेहतर इलाज की शुरुआत साफ-सफाई जैसी बुनियादी जरूरत से नहीं होनी चाहिए ?




डॉ. सालोदिया ने साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में सुधार की बात जरूर कही है, लेकिन असली चुनौती अब इन दावों को जमीन पर उतारने की है। क्योंकि टोंक की जनता अब वादों से ज्यादा बदलाव देखना चाहती है। नियुक्ति तो हो गई, अब नजर इस बात पर है कि क्या सआदत अस्पताल की तस्वीर बदलेगी या फिर यह भी सिर्फ कागजों और बयानों तक सीमित रह जाएगा।



### डॉक्टर भगवान और अस्पताल नर्क ?

कैसी अजीब बात है कि हम डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते हैं, लेकिन जिस जगह पर मरीज का इलाज होता है, उसी अस्पताल को लोग नर्क से तुलना करने लगते हैं। यह सिर्फ कहने भर की बात नहीं, बल्कि सिस्टम की सच्चाई को दिखाता आईना है। अगर सच में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है, तो शुरुआत बड़े-बड़े दावों से नहीं, बल्कि बुनियादी जरूरत–साफ-सफाई से करनी होगी। गंदगी और बदबू के बीच कोई भी मरीज खुद को सुरक्षित या सम्मानित महसूस नहीं कर सकता। समय आ गया है कि 'नर्क जैसे अस्पताल' वाली सोच को बदला जाए। और यह बदलाव भाषणों से नहीं, बल्कि साफ-सुथरे वार्ड, स्वच्छ परिसर और जिम्मेदार व्यवस्था से आएगा। सबसे पहले सफाई, तभी सही मायनों में सेवा।



## अपराधियों पर शिकंजा, पुलिस पर जवाबदेही, सामान्य जान का भरोसा - पुलिस अधीक्षक की मीटिंग में मापदंड तय

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा आज जिले के समस्त 18 थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा राजपत्रित अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित एवं वर्तमान प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान लंबित अपराधों के शीघ्र निपटान, वर्तमान प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं ह्ल्ज्ञत्त्रह्रुष्ठ के माध्यम से मामलों के निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। जिन प्रकरणों में बाहरी टीम भेजना आवश्यक है, उनके लिए स्पष्ट रणनीति एवं दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए। वर्ष 2026 के प्रथम तीन माह में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की थाना-वार समीक्षा की गई। इसमें प्रत्येक थाने में प्राप्त शिकायतों की संख्या, निराकृत प्रकरण, फाइनल रिपोर्ट, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, दर्ज एफआईआर, कायम अपराध तथा लंबित मामलों की स्थिति का विश्लेषण किया गया। पुराने लंबित प्रकरणों, विशेषकर धारा 173(8) CrPC के अंतर्गत लंबित चालानों के संबंध में भी समीक्षा कर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, मर्ग प्रकरणों के निपटान एवं न्यायालय में निर्धारित समय-सीमा में चालान प्रस्तुत करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवेचना का मुख्य उद्देश्य दोषियों को सजा दिलाना होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। जिन थानों में अत्यधिक लंबित प्रकरण पाए गए तथा विवेचना में शिथिलता बरती जा रही थी, उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण एवं जांच के आदेश दिए गए। साथ ही पुलिस के सूचना संकलन को सुदृढ़ करने एवं किसी भी घटना के घटित होने पर संबंधित बीट प्रभारी एवं आरक्षक की स्पष्ट जिम्मेदारी तय करने के संबंध में भी सख्त निर्देश दिए गए। आगामी माह की कार्ययोजना के अंतर्गत बीट सिस्टम के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा 'ऑपरेशन तलाश' के तहत गुमशुदा बालक-बालिका, महिला एवं पुरुषों की दस्तयाबी के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। वर्ष 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रकरणों को केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत कर निरीक्षकों द्वारा उनके सफल निराकरण पर व्याख्यान दिया गया। अपराध नियंत्रण के लिए सूखे नशे पर अंकुश, गुंडा-बदमाशों पर कार्रवाई, किशोर जांच अभियान, रात्रि औचक चेकिंग एवं गश्त बढ़ाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार कर निर्देश दिए गए। पुलिस की छवि को अधिक विश्वसनीय बनाने हेतु त्वरित कार्रवाई एवं शालीन व्यवहार अपनाने पर भी विशेष बल दिया गया।

सभी प्रकार के अवैध कारोबारों -जुआ, सट्टा, शराब एवं सूखे नशे के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साइबर थाना एवं महिला थाना की भी गहन समीक्षा की गई, जिसमें प्रत्येक आरक्षक के प्रकरण निराकरण में योगदान के संबंध में जानकारी ली गई। डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस बैंड को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, सीएसपी वैशाली जैन, अलेक्जेंडर किरो, मंजुलता बाज, आदित्य कुमार, के.पी. मरकाम, डीएसपी सुमन जायसवाल सहित समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



## उपखंड अधिकारी एवं डीएसओ ने गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**टोंक।** जिला कलक्टर टीना डाबी के निर्देशों के तहत बुधवार को टोडारायसिंह में इण्डेन गैस सर्विस पर गैस आपूर्ति वितरण की व्यवस्था की संयुक्त जांच दल उपखंड अधिकारी अमित चौधरी, जिला रसद अधिकारी इन्द्रपाल मीना, प्रवर्तन अधिकारी धर्मचन्द अग्रवाल एवं अमित शर्मा ने जांच की। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि एजेन्सी में घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रारम्भिक स्टॉक 417 था जिसमें 362 रिफिल की आपूर्ति की जा चुकी थी। मौके पर मौजूद 5-7 उपभोक्ताओं जो कि केवाईसी करवाने आये हुए थे उनकी केवाईसी करवायी गयी एवं अन्य 04-05 उपभोक्ताओं जिन्होंने गैस बुकिंग करवा रखी थी उनको मौके पर ही गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाया गया। गैस सर्विस संचालक ने आज 525 सिलेण्डरों की गाडी बोटलिंग प्लांट से रवाना होना बताया। गैस सर्विस संचालक ज्योति मीणा एवं रतन सिंह को गैस स्टॉक खत्म होने से पूर्व प्लांट से सिलेण्डरों की आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। संयुक्त जांच दल मे कार्यवाही में उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित उपभोक्ताओ के बयान लिये गये एवं पूछताछ की गई तथा उनकी ई-केवाईसी करवाई गई एवं गैस की आपूर्ति करवाई गई।

# भाजपा 26-31, टीएमसी 22-27, कांग्रेस 2-4

## उत्तर बंगाल का चुनावी परिदृश्यः 'एक लहर' नहीं, बल्कि कई छोटे युद्धक्षेत्र

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**कोलकाता, (रफीक अनवर)।** उत्तर बंगाल में आगामी चुनावी परिदृश्य को समझने के लिए, इसे एक साधारण 'लहर चुनाव' के रूप में देखना गलत होगा; बल्कि, यह कई छोटे लेकिन महत्वपूर्ण राजनीतिक युद्ध के मैदानों का एक संयोजन है। कूचबिहार से मालदा तक फैले इस क्षेत्र में, प्रत्येक जिले की सामाजिक संरचना, पहचान की राजनीति और आर्थिक वास्तविकताएं अलग-अलग हैं-इसलिए यहां 'निर्वाचन क्षेत्र स्तर की गतिशीलता' बहुत महत्वपूर्ण है।

सबसे पहले, कूचबिहार क्षेत्र उत्तर बंगाल के केंद्रीय बेटेलग्राउंड में से एक है। सिताई, दिनहाटा, नटाबारी और तुफानगंज जैसी सीटों पर राजवंशी और अनुसूचित जातियां निर्णायक भूमिका निभाती हैं। अतीत में, भारतीय जनता पार्टी ने यहां एक मजबूत स्थिति बनाई है, लेकिन हाल के दिनों में, तृणमूल कांग्रेस ठीक होने की कोशिश कर रही है। नतीजतन, इस जिले में परिणाम आमतौर पर साझा या विभाजित होते हैं, और 2-2 या 3-2 प्रकार के परिणाम बहुत संभव होते हैं।

दूसरा, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार-जो मुख्य रूप से चाय बागान क्षेत्र हैं- उत्तर बंगाल में चुनावी परिणाम निर्धारित करने में 'किंगमेकर' के रूप में कार्य करते हैं। धूपगुड़ी, मयनागुड़ी, माल, नागराकाटा, कलचिनी जैसी सीटों पर चाय बागानों के मजदूर और आदिवासी वोट बहुत महत्वपूर्ण हैं। जबकि भाजपा पारंपरिक रूप से इस क्षेत्र में आगे रही है, तृणमूल की 'कल्याणकारी योजना'पर प्रभाव डाल रहा है। नतीजतन, यह क्षेत्र अब एकतरफा नहीं है, बल्कि हर सीट पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

तीसरा, दार्जिलिंग की पहाड़ियों की पूरी तरह से अलग राजनीतिक वास्तविकता है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और कार्सियांग में गोरखालैंड की मांग और स्थानीय दलों की स्थिति चुनाव के परिणाम को निर्धारित करती है। भाजपा आमतौर पर यहां एक लाभप्रद स्थिति में होती है, खासकर तब जब उसकी पहाड़ी क्षेत्रों में क्षेत्रीय दलों के साथ समझौता हो। दूसरी ओर सिलीगुड़ी एक शहरी युद्ध का मैदान है। मध्यम वर्ग के मतदाताओं के कारण यहां परिणाम अनिश्चित हैं और तृणमूल को कुछ अतिरिक्त लाभ मिल सकता है।

उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में, तस्वीर अधिक जटिल है। उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा, इस्लामपुर, गोयालपोखर और रायगंज में तृणमूल, भाजपा और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय लड़ाई ने परिणाम को अनिश्चित बना दिया। दूसरी ओर, हालांकि दक्षिण दिनाजपुर में बालुरघाट और आसपास की सीटों पर भाजपा को मामूली बढ़त हासिल है, लेकिन पूरा जिला एक 'स्विंग जोन'के रूप में कार्य करता है। अंत में, मालदा जिला उत्तर बंगाल का अल्पसंख्यक बहुल राजनीतिक केंद्र है। इंग्लिशबाजार, सुजापुर, चांचोल और हरिश्चंद्रपुर जैसी सीटों पर अल्पसंख्यक वोटों का एकीकरण बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि तृणमूल यहां आगे है, कांग्रेस का पारंपरिक आधार अभी भी प्रासंगिक है, इसलिए वोटों के विभाजन के कारण कई मामलों में परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। यदि हम समग्र रूप से उत्तर बंगाल की तस्वीर का विश्लेषण करते हैं, तो यह देखा जा सकता है कि कुछ विधानसभा क्षेत्र-जैसे धूपगुड़ी, दिनहाटा, सिताई, कलचिनी, सिलीगुड़ी, रायगंज, बालुरघाट और इंग्लिशबाजार- पूरे क्षेत्र की राजनीतिक दिशा निर्धारित कर सकते हैं। इन सीटों पर 2-3 प्रतिशत वोट 'स्विंग' बड़े परिणाम में बड़ा अंतर ला सकती है। आखिरकार, उत्तर बंगाल में चुनाव नाजुक समीकरणों का खेल है, जहां पहचान की राजनीति, स्थानीय मुद्दे, 'कल्याणकारी नीति' और उम्मीदवार का व्यक्तिगत प्रभाव सभी परिणाम तय करने के लिए एक साथ आते हैं। यदि भारतीय जनता पार्टी 'टी बेल्ट' और कूचबिहार में अपना प्रभुत्व बनाए रख सकती है, तो वे आगे होंगे। इसके विपरीत, अगर तृणमूल कांग्रेस मालदा और दिनाजपुर में वोटों को मजबूत करने और 'टी-बेल्ट' में कुछ सीटों पर कब्जा करने में सक्षम हो जाती है, तो पूरे उत्तर बंगाल का समीकरण उनकी ओर मुड़ सकता है। यही कारण है कि वर्तमान राजनीतिक संदर्भ में उत्तर बंगाल को एक वास्तविक 'युद्ध का मैदान क्षेत्र' माना जाता है। अगर उत्तर बंगाल में आगामी चुनाव परिदृश्य को बहुत ही विश्लेषणात्मक तरीके से देखा जाए, तो यह स्पष्ट है कि यह एकतरफा लड़ाई नहीं है, बल्कि लगभग हर सीट पर एक सूक्ष्म प्रतिस्पर्धा होगी।

कूचबिहार से मालदा तक फैले इस क्षेत्र में कुल 54 विधानसभा सीटें हैं और 'सीट-दर-सीट' परिणाम अंततः समग्र तस्वीर तय करेंगे क्योंकि प्रत्येक जिले में राजनीतिक रुझान अलग-अलग हैं।

कूचबिहार जिले में चुनावी लड़ाई काफी हद तक भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस तक ही सीमित है। जहां भाजपा मेखलीगंज, माथाभंगा और सीतलकूची जैसी सीटों पर आगे है, वहीं टीएमसी दिनहाटा और कूचबिहार दक्षिण में आगे है। अधिकांश सीटें जीतने की संभावना 51'-58' के बीच मंडरा रही है, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि थोड़ा सा वोट स्विंग परिणाम को बदल सकता है।

जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार क्षेत्रों में, जो मुख्य रूप से चाय बागान क्षेत्र हैं, चुनाव के परिणाम को निर्धारित करने में श्रमिक वोट महत्वपूर्ण है। भाजपा जलपाईगुड़ी के माल और नागराकाटा में आगे चल रही है, जबकि टीएमसी धूपगुड़ी और मयनागुड़ी में आगे चल रही है। इसी तरह, अलीपुरद्वार में, भाजपा को कलचिनी और कुमारग्राम जैसी सीटों पर बढ़त हासिल है, जबकि अलीपुरद्वार शहर के केंद्र में टीएमसी मजबूत है। इस पूरे क्षेत्र को 'किंगमेकर बेल्ट' कहा जा सकता है, क्योंकि यहां जो पार्टी आगे है, उसे उत्तर बंगाल के समग्र परिणाम से लाभ होगा। पहाड़ी राज्य दार्जिलिंग में राजनीतिक समीकरण पूरी तरह से अलग है। दार्जिलिंग, कार्सियांग और कलिम्पोंग में भाजपा पारंपरिक रूप से आगे रही है, विशेष रूप से स्थानीय गोरखा दलों के समर्थन से। हालाँकि, सिलीगुड़ी एक असाधारण सीट है, जहाँ शहरी मतदाताओं के कारण तृणमूल थोड़ी आगे हो सकती है। इस क्षेत्र में गठबंधन की राजनीति बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तर दिनाजपुर में तस्वीर अधिक जटिल है, क्योंकि यहाँ तीन-तरफा लड़ाई स्पष्ट है। उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा और गोलपोखर में टीएमसी आगे चल रही है, जबकि रायगंज और करंदीघी में भाजपा आगे चल रही है। दूसरी ओर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस्लामपुर में एक प्रासंगिक ताकत बनी हुई है।

### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव

## चुनावी जनसभा में हिंसा फैलाने वाले बयान दे रहे हैं अभिषेक, भाजपा ने आयोग को भेजा शिकायत भरा पत्र

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सेनापति कहे जाने वाले अभिषेक बनर्जी के खिलाफ भाजपा की तरफ से चुनाव आयोग में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें एक पत्र सौंपकर आरोप लगाया है, कि अभिषेक बनर्जी जो तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव हैं, ने भड़काऊ और उत्तेजक टिप्पणियां की हैं। शिकायत में कहा गया है कि पूर्व बर्दवान जिले के रैना में एक चुनावी जनसभा के दौरान अभिषेक द्वारा की गई टिप्पणियाँ बेहद चिंताजनक हैं।

इसमें आरोप लगाया गया है कि उस मंच से अभिषेक ने भाजपा और उसके पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ भड़काऊ बयान के साथ धमकियां भी दी हैं। भाजपा की तरफ से आयोग को भेजे गये पत्र में आगे कहा गया है कि ऐसी टिप्पणियाँ हिंसा भड़क सकती हैं और राज्य के भीतर राजनीतिक माहौल को अस्थिर कर सकती हैं।

विशेष रूप से, भाजपा ने अपने पत्र में रैना में जनसभा के दौरान अभिषेक द्वारा की गई टिप्पणियों का विशेष रूप से उल्लेख किया है। उनका दावा है कि मंच से बोलते हुए अभिषेक ने कहाः 'पहले चरण में, जिसमें उत्तर के जिलों से लेकर जंगलमहल तक के सभी क्षेत्र शामिल हैं, जहां मतदान होता है। वहां भाजपा कार्यकर्ताओं के सिर, गर्दन, हाथ और पैर तोड़ने होंगे। फिर, दूसरे चरण में, जिसमें पूर्व बर्दवान, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली और कोलकाता शामिल हैं, हम उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी तोड़ देंगे, और उन्हें कहेंगे, 'बोलो हरि, हरि बोल, बहिरागत देर खाटे तोल (बाहरी लोगों की अर्थी उठा)!' के नारे के साथ विदाई देंगे। आयोग से की गई भाजपा की शिकायत में तर्क दिया गया है कि, रैना में अभिषेक द्वारा की गई टिप्पणियों की प्रकृति और इस्तेमाल की गई भाषा अत्यधिक उत्तेजक थी। इसके अलावा, उनका तर्क है कि ऐसी बयानबाजी के माध्यम से, वह परोक्ष रूप से मतदाताओं को डराने-धमकाने और उनके मन में दहशत का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी का दावा है कि ऐसी टिप्पणियाँ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

अभिषेक के अलावा, भाजपा ने पत्र में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में भी आपत्तियां उठाई और कहा कि, चुनावी जनसभा में इस तरह के बयान देने के बावजूद, इन नेताओं के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा का आरोप है कि ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी दोनों ही अपने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच ऐसे संदेश फैलाकर राज्य में चुनावी माहौल को जानबूझकर अशांत बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आयोग को भेजे गये पत्र के अंत में, वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों और उसके बाद हुई चुनाव-पश्चात हिंसा के संदर्भ का भी उल्लेख किया गया है।

## खनिजों का अवैध परिवहन व उत्खनन करने पर की गई कार्रवाई



महानगर मेट्रो

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा आज डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम सिंघोला, छुईखदान, करमतरा, सुखरी, मेढ़ा, अर्जुनी सहित अन्य क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें ग्राम भोथीपार निवासी बलराम साहू के स्वामित्व की हाईवा-सीजी 08 एएफ 0828 से वाहन चालक ग्राम भोथीपार निवासी कमलेश्वर साहू द्वारा मुरूम व मिट्टी का परिवहन तथा राजनांदगांव निवासी अंकित जैन के स्वामित्व की जेसीबी-सोल्ड पीला रंग से वाहन चालक ग्राम मुसरा निवासी श्री करण पटेल द्वारा मुरूम व मिट्टी का अवैध उत्खनन करने पर कार्रवाई करते हुए थाना सोमनी को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

### कर्ज के साये में भारतीय अर्थव्यवस्था

# विकास की मजबूरी या संकट की आहट ?

महानगर मेट्रो ब्यूरो




**नई दिल्ली/अहमदाबाद ।** भारत की अर्थव्यवस्था आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ एक तरफ हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं, वहीं दूसरी ओर देश पर चढ़ता कर्ज का बोझ चिंता का विषय बनता जा रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार की कुल देनदारियां मार्च 2026 के अंत तक 197.18 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर को छूने का अनुमान है।

### आंकड़ों का गणितः कितना बढ़ा बोझ?

वित्त वर्ष 2025-26 के बजट दस्तावेजों के अनुसार, सरकार ने बाजार से 17.2 लाख करोड़ रुपये का सकल कर्ज लेने का लक्ष्य रखा है। सरकार का कहना है कि यह राशि देश के बुनियादी ढांचे जैसे रेलवे, नेशनल हाईवे और डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए जरूरी है। लेकिन सवाल यह है कि क्या भविष्य की यह 'पूंजी' वर्तमान पीढ़ी पर भारी तो नहीं पड़ रही?

अर्थव्यवस्था पर क्या होगा असर?

1. राजकोषीय घाटा और ब्याज का चक्रः सरकार की कमाई का एक बड़ा हिस्सा अब विकास कार्यों के बजाय पुराने कर्ज के ब्याज को चुकाने में जा रहा है। बजट का लगभग 25' से 30' हिस्सा केवल ब्याज अदायगी में खर्च हो रहा है। इसका सीधा मतलब है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए सरकार के पास बजट की कमी हो सकती है।

2. महंगाई और आम आदमी की जेबः जब सरकार भारी कर्ज लेती है, तो बाजार में मुद्रा की तरलता पर असर पड़ता है। यदि उत्पादन नहीं बढ़ता और कर्ज केवल उपभोग पर खर्च होता है, तो इससे मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा रहता है। आम नागरिक के लिए दाल, दूध और ईंधन की बढ़ती कीमतें इसी बड़े आर्थिक चक्र का हिस्सा हैं।

3. निजी निवेश में कमीः अगर सरकार बाजार से सारा पैसा उधार ले लेगी, तो निजी क्षेत्र के लिए पूंजी की कमी हो जाएगी।

इससे बैंक ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं, जिससे आम आदमी के लिए होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन महंगे हो सकते हैं।

4. वैश्विक साख और रेटिंगः दुनिया भर की रेटिंग एजेंसियां भारत के कर्ज-जीडीपी अनुपात पर कड़ी नजर रखती हैं, जो वर्तमान में 55' से 56' के आसपास बना हुआ है। यदि यह अनुपात असंतुलित होता है, तो विदेशी निवेश पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### सरकार का पक्षः निवेश से ही आएगा विकास

आर्थिक विशेषज्ञों का एक धड़ा यह भी मानता है कि विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारी निवेश अनिवार्य है। सरकार द्वारा लिया गया कर्ज अगर 'कैपिटल एक्सपेंडिचर' (पूंजीगत व्यय) में जा रहा है, तो इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लंबी अवधि में देश की जीडीपी खुद-ब-खुद कर्ज को कम करने में सक्षम होगी।

### महानगर मेट्रो का निष्कर्ष

कर्ज लेना बुरा नहीं है, बशर्ते उसका उपयोग उत्पादक कार्यों में हो। भारत को एक 'कर्ज मुक्त' नहीं बल्कि 'कर्ज चुकाने में सक्षम' अर्थव्यवस्था बनने पर ध्यान देना होगा। सरकार को राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए अपनी कमाई के नए स्रोत खोजने होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को विरासत में केवल कर्ज का बोझ न मिले।

**मेष** ARIES (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आज का दिन फायदेमंद रहेगा। सामाजिक दायराबढ़ेगा व मान सम्मान में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात होगी।

**वृष** TAURUS (ई उ ए ओ वा वि वू वे वो) — आज आप खुद को उजार्वान महसूस करेंगे। जीवनसाथी को किसी कार्य में सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बनेगा।

**मिथुन** GEMINI (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज ऑफिस में काम का प्रेशर थोड़ा बढ़ सकता है। आप कुछ ऐसे मामलों में भी पड़ सकते हैं, जिनका समाधान निकालने में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**कर्क** CANCER (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा में बदलाव ला सकती है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को थोड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

**सिंह** LEO (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आज कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी, धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुलेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपको फायदा होगा।

**कन्या** VIRGO (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। अपने काम के लिये दूसरों को सहमत कराने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। कुछ जरूरी निर्णय आपको फायदा दिला सकते हैं।

**तुला** LIBRA (रा री रू रे रो ता ती तू ते) — आज परिवार वालों के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका मिलेगा। आपकी सभी परेशानियाँ दूर होंगी। किसी काम से थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** SCORPIO (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आज तरक्की के कई नए रास्ते नजर आयेंगे, आप पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में सफल होंगे। शाम को बच्चों के साथ समय व्यतीत करेंगे।

**धनु** SAGITTARIUS (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज व्यापारी वर्ग को धन लाभ होगा, आप बच्चों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। इस राशि के सिविल इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**मकर** CAPRICORN (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज पहले किये गये काम में मेहनत का बेहतर परिणाम हासिल होगा। ऑफिस का खुशनुमा वातावरण आपके मन को उत्साह से भर देगा।

**कुंभ** AQUARIUS (गु गो सा सी सू से सो दा) — आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद रहेंगे। अगर आप किसी महत्वपूर्ण काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह काम आज पूरा हो जाएगा।

**मीन** PISCES (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जायेगा। आज घर पर अचानक से कोई मेहमान आ सकता है।

महानगर मेट्रो
www.mahanagarmetro.com



# टोल वाले रास्तों पर रोडवेज बस का सफर हुआ महंगा, जानिए लखनऊ से दिल्ली तक कितना बढ़ा किराया

महानगर मेट्रो

**लखनऊ।** यूपी रोडवेज की बसों से सफर करना अब महंगा हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने एक से छह रुपये तक किराया बढ़ा दिया है। इसकी वजह से लखनऊ से दिल्ली, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और बहराइच जाना महंगा हो जाएगा। लखनऊ के कैसरबाग बस अड्डे से दिल्ली तक जो किराया पहले 776 रुपये था, वह बढ़कर 781 रुपया हो गया है। हालांकि बढ़ा हुआ किराया सभी जिलों को जाने वाली बसों पर नहीं लागू होगा। ये उन्हीं रूट की बसों पर लागू होगा जिन पर टोल प्लाजा पड़ता है और परिवहन निगम को टोल देना पड़ता है।



दरअसल, 1 अप्रैल से सभी टोल प्लाजा पर टैक्स बढ़ गया है। इसकी वजह से कुछ रूट पर यूपी रोडवेज ने बस का किराया भी बढ़ा दिया है। लखनऊ के आलमबाग बस स्टेशन से प्रयागराज का किराया 302 रुपये से बढ़कर 308 रुपया हो गया। इसी तरह वाराणसी जाने के लिए अब 473 की जगह 476 रुपये देने पड़ेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| **लखनऊ से दिल्ली** | 776 | 781 |
| **लखनऊ से प्रयागराज** | 302 | 308 |
| **लखनऊ से वाराणसी** | 473 | 476 |
| **लखनऊ से गोरखपुर** | 435 | 437 |
| **लखनऊ से बहराइच** | 192 | 193 |

**गोरखपुर जाने के लिए 435 की जगह 437 रुपये किराया**

कैसरबाग बस अड्डे से बहराइच जाने का किराया 192 की जगह 193 रुपये हो गया है। गोरखपुर जाने के लिए 435 की जगह 437 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसी तरह दिल्ली जाने के लिए 776 की जगह 781 रुपये का टिकट खरीदना पड़ेगा।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सबसे ज्यादा बढ़ा टोल टैक्स

दरअसल, यूपी के सभी एक्सप्रेसवे पर सफर करना अब महंगा हो गया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सबसे ज्यादा टोल टैक्स बढ़ा है। यहां पांच रुपये से 85 रुपये के बीच टोल बढ़ा है। इसी तरह गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर पांच रुपये बढ़ाए गए हैं। शासन ने नए वित्तीय वर्ष में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर एक्सप्रेसवे पर भी टोल टैक्स बढ़ा दिया है।

# खड़ी बस के अंदर लटकती मिली ड्राइवर की लाश, पत्नी के साथ हुआ था झगड़ा

महानगर मेट्रो

**बिजनौर।** बिजनौर रोडवेज परिसर में खड़ी बस के अंदर ड्राइवर का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया. कंडक्टर के पहुंचने पर घटना का खुलासा हुआ. प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है. पारिवारिक विवाद भी घटना की वजह बताया जा रहा है. उत्तर प्रदेश में बिजनौर के रोडवेज परिसर में खड़ी एक बस में ड्राइवर की लाश लटकी हुई मिलने से हड़कंप मच गया. घटना का पता उस समय चला जब बस कंडक्टर सलमान ने ड्राइवर को फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ तो सलमान खुद बस पर पहुंच गया. उसने देखा कि ड्राइवक धर्मेंद्र की लाश बस के अंदर लटकी हुई थी.



लाश को देखते ही सलमान की चीख निकल गई. शोर सुनकर रोडवेज परिसर में मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई. फिर घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं . इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच करते हुए मामले की जांच की और लोगों से बातचीत की. इसके बाद लाश को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

हालांकि, इस घटना को लेकर रोडवेज में कई तरह की चर्चाएं हैं लेकिन पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह का कहना है की प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है. यह भी सामने आया है कि चालक का अपनी पत्नी से कोई विवाद हुआ था जिसके चलते उसने यह कदम उठाया है. फिलहाल पूरे मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मृतक चालक मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा मीरापुर का रहने वाला है.

# आंधी और बारिश से ताजमहल को नुकसान, रॉयल गेट से गिरे नक्काशी के पत्थर, खड़े हुए सवाल

महानगर मेट्रो

**आगरा।** यूपी के आगरा में मंगलवार दोपहर आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ ताजमहल को भी प्रभावित किया। विश्व प्रसिद्ध इस ऐतिहासिक स्मारक के रॉयल गेट से छोटे-छोटे पत्थर गिरने लगे। ये पत्थर पच्चीकारी वाले थे, जो गेट की ऊपरी सतह पर नक्काशी से लगाए थे। इस घटना से पर्यटकों को कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन इससे ताजमहल की सुरक्षा और संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। दोपहर बाद करीब 2 बजे के बाद अचानक मौसम खराब हो गया। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ताजमहल के मुख्य प्रवेश द्वार यानी रॉयल गेट से मुगलिया सल्तनत के पच्चीकारी वाले पत्थर गिरने लगे। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन मौके पर मौजूद पर्यटकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।



### एक-एक कर नीचे गिरे पत्थर के टुकड़े

धूल भरी आंधी के साथ शुरू हुई बारिश से बचने के लिए पर्यटक रॉयल गेट के नीचे खड़े हो गए थे। तभी अचानक से गेट के ऊपरी हिस्से में लगे पच्चीकारी वाले पत्थर नीचे गिरने लगे। इससे बचने के लिए पर्यटकों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पत्थर के टुकड़ों से किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।

### रख-रखाव पर उठे सवाल

इस घटना के बाद ताजमहल के रखरखाव और पत्थरों की मजबूती को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पिछले कई वर्षों से ऐतिहासिक स्मारकों में पत्थर गिरने की घटनाएं बढ़ी हैं। फतेहपुर सीकरी के बुलंद दरवाजे पर लगे पत्थर की तस्तरी और उस पर बनी गोलाकार पत्थर कई बार नीचे गिर चुके हैं।

### 2018 और 2024 में भी हो चुका है नुकसान

इससे पहले ताजमहल को नुकसान साल 2018 में 130 किलोमीटर की रफ्तार से आई आंधी से हुआ था। तब रॉयल गेट के तीन छोटे गुंबद और पत्थर नीचे के गिरे थे। वहीं दक्षिणी गेट की एक मीनार नीचे गिर गई थी। इसके अलावा पिछले साल 2024 में भी ताजमहल के रॉयल गेट से कई पत्थर गिरे थे जिससे नुकसान हुआ था।

# यूपी में बेमौसम बारिश, ओले और आकाशीय बिजली ने मचाई तबाही, CM योगी ने किया मुआवजे का ऐलान

महानगर मेट्रो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आसमानी बिजली ने भारी तबाही मचाई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर प्रभावित किसानों और पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा राशि बांटने के सख्त निर्देश दिए हैं ताकि अन्नदाताओं को तत्काल राहत मिल सके. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में एक हाई लेवल बैठक कर प्रदेश में बेमौसम बारिश और आकाशीय बिजली से हुए नुकसान की समीक्षा की. पिछले एक हफ्ते में प्राकृतिक आपदा के कारण यूपी में 20 लोगों की जान गई है, जबकि 12 लोग घायल हुए और 33 पशुओं की हानि हुई है. मुख्यमंत्री ने राजस्व और कृषि विभाग को निर्देशित किया है कि हर प्रभावित किसान और बटाईदार के नुकसान का निष्पक्ष आकलन कर तुरंत रिपोर्ट भेजी जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है और राहत वितरण में किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### 24 घंटे में सहायता और कड़े निर्देश

सीएम योगी ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनहानि, पशु हानि और घायलों के परिजनों को 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए. राहत आयुक्त कार्यालय से सभी जिलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है. मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि राहत कार्यों में लापरवाही अक्षम्य होगी और जवाबदेही तय की जाएगी. उन्होंने कहा कि स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड से जिलों को पर्याप्त धनराशि तुरंत उपलब्ध कराई जाए ताकि सहायता कार्य न रुकें.

सरकार ने आपदा पीड़ितों के लिए अन्य सुरक्षा कवरेज का भी ऐलान किया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों के घर नष्ट हुए हैं, उन्हें 'मुख्यमंत्री आवास योजना' के तहत प्राथमिकता पर घर दिए जाएं. साथ ही, पात्र लाभार्थियों को 'कृषक दुर्घटना बीमा योजना' के अंतर्गत जल्द लाभान्वित किया जाए. अधिकारियों को बीमा कंपनियों से तालमेल बिठाकर फसल बीमा दावों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करने को भी कहा गया है.

### मंडी समितियों और सर्वे पर जोर

सीएम ने राजस्व और कृषि विभागों के बीच प्रभावी समन्वय पर जोर दिया है ताकि सर्वे का काम समयबद्ध तरीके से पूरा हो. उन्होंने मंडी समितियों को भी किसानों को हर संभव सहयोग देने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी सीधे किसानों तक पहुंचें और यह सुनिश्चित करें कि उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले. संकट की इस स्थिति में हर प्रभावित तक सहायता पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

# सड़क हादसे कम करने के लिए बड़ा कदम, ड्राइवरों को ट्रेनिंग देगा DTC

स्महानगर मेट्रो



**दिल्ली ।** दिल्ली में लगातार कई हादसों के बाद अब सरकार ने एक्सीडेंट कम करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। यह तय किया गया है कि डीटीसी बसों से होने वाले हादसों पर लगाम लगाने के लिए ड्राइवरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। बता दें कि दिल्ली की सड़कों पर चल रही मिनी बसें हादसे का कारण बन रही हैं।

### डीटीसी बसों से होने वाले हादसे रोकने की तैयारी

बीते रविवार को आजादपुर और हुमायूं रोड सेंट्रल दिल्ली में दो अलग-अलग हादसों में छ्ङ्मष्ट बस की टक्कर से दो युवा लड़कों की मौत हो गई। यह हादसे बताते हैं कि सरकार के तमाम दावों के बाद भी सड़कों पर छ्ङ्मष्ट बसों से होने वाले हादसे नहीं रुक रहे हैं। पहले यह सड़क हादसे 12 मीटर वाली स्टैंडर्ड बसों से हो रही थी, लेकिन अब बीते साल ही सड़कों पर उतारी गई 9 मीटर वाली मिनी बसें भी हादसों का कारण बन रही है।

### हादसों में गिरावट, लेकिन...

अब DTC ने सभी बस ऑपरेटर्स से ड्राइवरों के ट्रेनिंग का निर्देश दिया है। आंकड़ों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक कल 73 से अधिक सड़क हादसे हुए जिसमें 30.13 फीसदी यानी 22 सड़क हादसे सिर्फ 9 मीटर वाली मिनी बसों से हुई है, जबकि 54 सड़क हादसे बड़ी 12 मीटर वाली इलेक्ट्रिक बसों से हुई। इन हादसों में 15 से अधिक फैटल एक्सीडेंट शामिल है। हालांकि बीते साल की तुलना में बात करें तो इसमें थोड़ी गिरावट आई है।

### सकरी सड़कों पर चलती हैं बसें

साल 2024-25 में DTC की बसों से कुल 97 सड़क हादसे हुए थे, जिसमें 21 फैटल एक्सीडेंट शामिल हैं। इससे अलग क्लस्टर बसों से 53 सड़क हादसे हुए जिसमें 12 फैटल एक्सीडेंट है। DTC के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बसों से होने वाले सड़क हादसों के अलग-अलग कारण होते हैं। छ्ङ्मष्ट की छोटी बसें ज्यादातर संकरी सड़कों पर चलती हैं, जहां बहुत भीड़ होती है। इसके चलते कई बार टक्कर होती है लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है।

### निजी कंपनियों को दे दिया है काम

समय-समय पर ड्राइवरों का क्रैश कोर्स, ट्रेनिंग कार्यक्रम चलती है। क्योंकि अब DTC की बसों के संचालन का काम निजी कंपनियों को दिया गया है। उन्हें भी अपने स्तर पर ड्राइवरों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। जिससे हादसों को कम किया जा सके।

# दिल्ली वालों के लिए अब मेट्रो के करीब होगा आशियाना

## घर से दफ्तर की दूरी घटाने का प्लान



महानगर मेट्रो

**नई दिल्ली।** ट्रांजिट ओरिएंटेड डिवेलपमेंट पॉलिसी में बड़े बदलाव किए गए है, जिसका मकसद मेट्रो, नमो रेल और रेलवे कॉरिडोर के आसपास सस्ते और सुनियोजित आवास को बढ़ावा देना है। नई नीति के तहत अब इन ट्रांजिट कॉरिडोर के 500 मीटर के दायरे में हाई-डेंसिटी, मिक्स्ड-यूज डिवेलपमेंट को अनुमति दी जाएगी। यह बदलाव मास्टर प्लान 2021 में पहले से था।

नई TOD पॉलिसी की सबसे अहम खासियत यह है कि अब छोटे प्लॉट्स पर भी विकास मुमकिन होगा। पहले जहां कम से कम 5 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होती थी, अब इसे घटाकर 2000 वर्ग मीटर कर दिया गया है। जिससे छोटे डिवेलपर्स और निजी जमीन मालिकों को भी फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 15 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित 2000 वर्ग मीटर के प्लॉट पर अधिकतम 500 FAR (फ्लोर एरिया रेशियो) की अनुमति दी गई है।

### शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाया जा रहा कदम

मंगलवार को नेशनल मीडिया सेंटर में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इस पॉलिसी का मकसद मेट्रो कॉरिडोर के आसपास सस्टेनेबल और ट्रांजिट लिंक्ड शहरी विकास को बढ़ावा देना है, जिससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी और सस्ते घरों की उपलब्धता बढ़ेगी। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस पॉलिसी के तहत करीब 207 वर्ग किलोमीटर एरिया को कवर किया जाएगा। इसमें मेट्रो कॉरिडोर के दोनों ओर 500 मीटर और RRTS/रेलवे स्टेशनों के आसपास 500 मीटर का दायरा शामिल है। इस पूरे एरिया में प्लांड डिवेलपमेंट और रीडिवेलपमेंट के जरिए आवास और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जाएगा। FAR का 65' हिस्सा 100 वर्ग मीटर के फ्लैट्स में इस्तेमाल होगा

सस्ते आवास को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी में यह अनिवार्य किया गया है कि कुल मंजूर FAR का 65 फीसदी हिस्सा 100 वर्ग मीटर तक के फ्लैट्स के लिए इस्तेमाल होगा। इससे मिडल क्लास और लो-इनकम ग्रुप के लिए बड़ी संख्या में घर उपलब्ध हो सकेंगे।

वहीं, बाकी 35 फीसदें FAR में से 10 फीसदी कमर्शल और सुविधाओं के लिए और 25 फीसदी का इस्तेमाल बड़े फ्लैट, ऑफिस, गेस्ट हाउस या स्टूडियो अपार्टमेंट के लिए किया जा सकेगा। इसके अलावा, TOD जोन में मेट्रो स्टेशनों से कनेक्टिविटी के लिए अंडरग्राउंड और एलिवेटेड वॉकवे बनाने की अनुमति दी गई है। पॉलिसी के तहत टीओडी टैक्स को सरल बनाया गया है।

### ये अहम बातें...

बहुप्रतीक्षित मास्टर प्लान 2041 फाइनल शेप में है, जल्दी ही आएगा

TOD की हाउसिंग अफॉर्डेबिलिटी में 100 मीटर से ज्यादा साइज के घर नहीं बनेंगे

DDA और डिवेलपर इन छोटे घरो को प्लांड तरीके से बनाएंगे

TOD कमिटी का गठन, डीडीए के वाइस चेयरमैन चीफ होंगे

स्वीकृति योग्य कुल एफएआर का 65' अनिवार्य रूप से आवासीय इस्तेमाल के लिए आरक्षित किया गया है

इसमें 100 वर्ग मीटर (99 वर्ग मीटर) के निर्मित एरिया वाली आवासीय इकाइयां शामिल है ताकि मेट्रो कॉरिडोर के साथ सस्ते आवास उपलब्ध हो सके

### TOD: 30% हिस्सा पब्लिक पार्किंग के लिए

टीओडी प्लॉट में हर 100 स्क्वायर मीटर एफएआर पर एक कार के बराबर पार्किंग अनिवार्य होगी और कुल पार्किंग का कम से कम 30 पर्सेंट हिस्सा पब्लिक पार्किंग के लिए रखा जाएगा, टीओडी जोन में मैजूद प्लॉटों को मिलाकर बड़े प्लॉट बनने और उनका पुनर्गठन करने की अनुमति दी गई है

18 मीटर चौड़ी सड़क न होने पर ट्रांजिट स्टेशन तक पहुंच के लिए नई एलिवेटेड या अंडरग्राउंड डेडिकेटेड सडक बनाई जाएगी

टीओडी चार्ज में पानी, सीवर, एमसीडी प्लान सैक्शन, लैंड यूज, लीज होल्ड से फ्री होल्ड, अतिरिक्त एफएआर और डीडीए चार्ज शामिल होंगे, पॉलिसी का मकसद पर्यावरण, हरियली और जाम मुक्त शहर की दिशा में ऐसा ढांचा तैयार करन है, जहां रोजमर्रा की जरूरतों के लिए गड़ी की जरूरत कम पड़े

# दिल्ली की अनधिकृत कालोनियां अब होंगी वैध, मिलेगा फायदा

महानगर मेट्रो

**दिल्ली ।** कई साल से अनऑथराइज्ड कॉलोनियों को लेकर चल रहे असमंजस के बादल अब छंट चुके हैं। केंद्र सरकार ने दिल्ली की अनऑथराइज्ड कॉलोनियों को As is, Where is (जैसा है, जहां है) के आधार पर नियमित करने का फैसला लिया है। इस निर्णय से न केवल प्रॉपर्टियों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का रास्ता खुलेगा। बल्कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोगों को अपने घर का मालिकाना हक पाने का सपना भी साकार होगा। मंगलवार को नेशनल मीडिया सेंटर में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के लोगों की जिंदगी में एक ऐतिहासिक पल है।



1511 कालोनियों को रेगुलर करने का लिया गया फैसला

भारत सरकार ने दिल्ली के लोगों को मालिकाना हक देने के लिए 2019 में PM-UDAY स्कीम लागू की थी। अब उन 1731 कॉलोनियों में से 1511 कॉलोनियों को रेगुलर करने का फैसला लिया गया है। इससे मालिकाना हक के साथ ही लोग MCD के नियमों के हिसाब से अपने घरों का कंस्ट्रक्शन या रीडिवेलपमेंट भी कर पाएंगे। इस फैसले से दिल्ली के लाखों लोगों की जिंदगी में राहत, सम्मान और अधिकारों का एक नया चैप्टर शुरू होगा।

**-मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री**

मंत्री ने कहा कि दिल्ली में अनऑथराइज्ड कॉलोनियों का यह रेगुलराइजेशन 45 लाख लोगों की जिंदगी में राहत, सम्मान और अधिकारों का एक नया चैप्टर शुरू करेगा। नई स्कीम के तहत पात्रता पूरी करने वाले लोगों को विभाग की ओर से कन्वेयन्स डीड जारी की जाएगी। यह दस्तावेज प्रॉपर्टी के पूर्ण मालिकाना हक का प्रमाण होगा। प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए डिजिटल इंटरफेस को और मजबूत किया गया है, ताकि आवेदकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

# 50 लाख रुपये और सरकारी नौकरी के लिए पिता-चाचा की हत्या




महानगर मेट्रो

**दिल्ली ।** राजधानी दिल्ली के द्वारका में हुए डबल मर्डर केस की गुत्थी दिल्ली पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने मृतक के बेटे ईश्वर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि उसने यह मर्डर सरकारी नौकरी ?और 50 लाख रुपये के लालच में किए।

### इस्तेमाल की गई तस्वीर

द्वारका जिले के उत्तम नगर थाना इलाके में एक फ्लैट के अंदर दो सगे भाइयों, देवेंद्र कुमार (50) और अमित (48) की संदिग्ध मौत के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस दोहरे हत्याकांड के आरोप में पुलिस ने देवेंद्र के बेटे ईश्वर को गिरफ्तार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि दोनों की मौत बाहरी चोट न होने के बावजूद गंभीर आंतरिक चोटों और शारीरिक हमले के कारण हुई थी। पुलिस सूत्रों और स्थानीय जानकारी के अनुसार, इस जघन्य अपराध के पीछे संपत्ति और नौकरी का लालच था। मृतक देवेंद्र ईएसआईसी में कार्यरत थे। उनके पीएफ खाते में करीब 50 लाख रुपये जमा थे।

### सरकारी नौकरी के लिए रची साजिश

देवेंद्र ने चर्चा की थी कि उनकी मौत के बाद यह रकम और अनुकंपा पर सरकारी नौकरी ईश्वर को मिल सकती है। इसी लालच में ईश्वर ने अपने पिता और चाचा को रास्ते से हटाने की साजिश रची। डीसीपी द्वारका कुशल पाल सिंह ने बताया कि 3 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे पड़ोसियों ने झगड़े की सूचना दी थी। जब मकान मालिक नरेश कुमार वहां पहुंचे, तो ईश्वर ने दरवाजा खोला। तब मामला शांत करा दिया गया था। अगले दिन देवेंद्र और अमित की लाशें मिलीं, जबकि ईश्वर गायब था।

### शराब पीने के बाद पिता, चाचा से हुआ झगड़ा

एसीपी संजीव कुमार और एसएचओ मुकेश कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने तकनीकी जांच के बाद ईश्वर को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि उस रात शराब पीने के बाद ईश्वर का अपने पिता और चाचा से झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने उनके साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे उनकी जान चली गई। पुलिस अब आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है।

# सेंट्रल मार्केट में सीलिंग के दौरान व्यापारी को आया हार्ट अटैक

महानगर मेट्रो

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में बुधवार को आवास और विकास परिषद की टीम ने 44 अवैध संपत्तियों की सीलिंग शुरू कर दी है। सुबह सेंट्रल मार्केट पहुंची टीम को काराबारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध-प्रदर्शन के बीच गिरधर हैंडलूम चलाने वाले एक व्यापारी को हार्ट अटैक आ गया। इसकी वजह से पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। टीम ने धक्का मुक्की के बीच फिलहाल सीलिंग की कार्रवाई रोक दी है। अभी तक दो अस्पताल, दो स्कूल समेत आठ अवैध निर्माण सील किए गए हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। छह अप्रैल को आवास एवं विकास परिषद की तरफ से 44 संपत्तियों की सूची अदालत को सौंपी गई थी। बताया गया था कि इन आवासीय भूखंडों का पूरी तरह व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। इनमें स्कूल, अस्पताल और बैंक तक शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन संपत्ति को सील करने का आदेश दिया है।



### आज और कल मेरठ बंद का ऐलान

इस बीच, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने सीलिंग के विरोध में बुधवार और गुरुवार को मेरठ बंद रहने का ऐलान किया है। उन्होंने आवास विकास के अधिकारियों की चेतावनी दी कि आज आपका समय है। कल इसी बाजार से गुजरे तो नंगा करके भेजेंगे। आपका कार्यालय भी यही पास है। कैसे निकलते हो देखते हैं।

पहले एक समय ऐसा था कि मेरठ आने के बाद सबसे पहले अधिकारी व्यापारियों से मिलता था, वो समय फिर से लाया जाएगा। सीलिंग की कारवाई के दौरान सेंट्रल मार्केट समेत पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। आसपास के इलाकों में कई थानों की पुलिस और दमकल विभाग के वाहन तैनात हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान व्यापारी सड़क पर उतर आए और आवास विकास परिषद की टीम का घेराव कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने पहले ही 70 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। बगैर पैसे वापस किए सीलिंग की कार्रवाई गलत है।

## इंदौर नगर निगम की मीटिंग में वंदे मातरम पर उबलीं कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख



महानगर मेट्रो

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर नगर निगम में बजट पर चर्चा के दौरान वंदे मातरम पर जमकर हंगामा हुआ है। पार्षद फौजिया शेख अलीम ने कहा कि आप मुझे संविधान में दिखा दो कि बोलना अनिवार्य है। वहीं, पार्षद रुबिना खान ने भी विवादित बयान दिया है।

### कांग्रेस पार्षद रुबीना खान और फौजिया शेख अलीम

बजट पर चर्चा के दौरान इंदौर नगर निगम की मीटिंग में भारी बवाल हुआ है। सदन में वंदे मातरम गायन के दौरान कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम ने खड़े होने से इनकार कर दिया था। साथ ही कहा कि इस्लाम में इसकी इजाजत नहीं है। इसके बाद बीजेपी पार्षदों ने सभापति के आसन के पास पहुंचकर हंगामा किया है।

### सदन में हुआ हंगामा

इंदौर के कांग्रेस पार्षद के इनकार पर बीजेपी के पार्षद सभापति के आसन तक पहुंच गए। इसके बाद जमकर नारेबाजी की है। स्थिति को संभालने के लिए सभापति ने कांग्रेस पार्षद फौजिया को थोड़ी देर के लिए बाहर जाने को कह दिया। हंगामे के बीच कांग्रेस पार्षद ने भी तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि उस एक्ट को दिखाया जाया, जिसमें वंदे भारत अनिवार्य है। इसके बाद वह सदन से उठकर बाहर चली गईं।

### हमारा धर्म यह अनुमति नहीं देता

कार्यवाही से बाहन आने पर कांग्रेस पार्षद फौजिया ने मीडिया से बात की है। उन्होंने कहा कि हमारा धर्म इसकी इजाजत नहीं देता है। वहीं, इस मामले में ट्विस्ट तब आ गया, जब नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि वंदे मातरम गाना व्यक्तिगत इच्छा हो सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि हमारी पार्टी राष्ट्र गान और राष्ट्रगीत के सम्मान के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

### पार्षद रुबिना खान भी भड़कीं

वहीं, इस विवाद के दौरान पार्षद रुबिना खान भी भड़क गईं। रुबिना खान ने कहा कि अगर एक बाप की औलाद हो तो बुलवाकर दिखाओ। इस दौरान सदन की कार्यवाही में और हंगामा मच गया। सदन की कार्यवाही से सभापति ने फौजिया शेख अलीम को बाहर कर दिया है। आप मुझे संविधान दिखा दें, मैं चली जाऊंगी। लेकिन जबरदस्ती वंदे मातरम गाने के लिए मुझे कोई नहीं कह सकता है। फौजिया शेख अलीम, कांग्रेस पार्षद

### वंदे मातरम कहना होगा

बीजेपी पार्षदों ने इस विवाद के बीच हंगामा करना शुरू कर दिया। बीजेपी पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि सदन में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा। हंगामे के थोड़ी देर बार सदन की कार्यवाही शुरू हुई है। गौरतलब है कि मंगलवार को इंदौर नगर निगम का बजट पेश किया गया था। बजट 8,455 करोड़ रुपए का है।

## बड़वानी में कांपी धरती

महानगर मेट्रो

**बड़वानी।** मध्य प्रदेश में लंबे समय बाद भूकंप की हलचल हुई है। नर्मदा किनारे बसे बड़वानी जिले के संधवा और अंजड में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बुधवार दोपहर में यहां 3.6 रिक्टर स्केल के भूकंप की पुष्टी हुई है। जमीन के अंदर करीब 10 किलोमीटर नीचे इसका केंद्र था...




जिले के अंजड़ और सेंधवा क्षेत्र में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया। दोपहर करीब 12:48 बजे अचानक धरती में कंपन महसूस हुआ। विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी तीव्रता लगभग 3.6 दर्ज की गई, जबकि कुछ स्थानों पर 3.4 रिक्टर स्केल मापी गई है। सेंधवा के सुदामा कॉलोनी निवासी ऑटो पार्ट्स व्यापारी रत्लेश जैन और उनकी पत्नी मोनिका जैन ने बताया कि वे घर में दीवार के सहारे बैठे थे, तभी अचानक कंपन महसूस हुआ। वहीं, व्यवसायी गिरीश गोयल ने तेज आवाज सुनने की भी जानकारी दी। अंजड़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिपुरा में भी झटके स्पष्ट रूप से महसूस किए गए। ग्रामीणों के अनुसार कंपन करीब 1 से 2 मिनट तक महसूस हुआ। झटके लगते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। गांव के लोकेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि वे दोपहर में सो रहे थे, तभी अचानक तेज झटका लगा, जिसके बाद वे तुरंत बाहर आए और अन्य लोगों से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि इस तरह का अनुभव पहली बार हुआ है।

जिले के सेंधवा क्षेत्र में कपंन महसूस किया गया है। भूकंप के हल्के छटके लगे हैं। दोपहर में कुछ समय के लिए हलचल हुई है। हालांकि नुकसान की कोई खबर नहीं है

**– सोहन कनास, एडीएम,बड़वानी**

ग्रामीणों ने घरों में रखे बर्तन, पंखे और फर्नीचर को हिलते हुए देखा। इंदिरा सागर पावर स्टेशन की भूकंप वेधशाला और राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की वेबसाइट पर भी इस भूकंप की पुष्टि हुई है। जिला मुख्यालय स्थित भूकंप केंद्र में लगी सिस्मोमीटर मशीन में भी 3.4 रिक्टर स्केल की तीव्रता दर्ज की गई। भूकंप केंद्र के ऑपरेटर हुकुम कुमार ने बताया कि एमईक्यू (माइक्रोअर्थक्विक) मशीन 24 घंटे संचालित होती है और 40 से 50 किलोमीटर के दायरे में हलचल दर्ज करती है। वहीं, बड़वानी की प्रभारी एडीएम सोहन कनास ने सेंधवा क्षेत्र से कंपन की सूचना मिलने की पुष्टि की है। फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।




# महाराष्ट्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 11 सीनियर आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर

महानगर मेट्रो



**मुंबई:** महाराष्ट्र में मंगलवार देर शाम प्रशासनिक स्तर पर बड़े फेरबदल किए गए हैं। अभी सात दिन पहले ही राज्य सरकार ने कई उच्च-रैंकिंग वाले प्रशासनिक अधिकारियों का तबादला किया था। आईएएस अश्विनी भिड़े को मुंबई नगर निगम का कमिश्नर नियुक्त किया गया था। इसके अलावा IAS तुकाराम मुंडे के तबादले को लेकर भी खबरें सामने आई थीं। अब सात दिन बाद यानी आज पूरे राज्य में 11 सीनियर लेवल के आईएएस अधिकारियों का एक बार फिर तबादला कर दिया गया है। महाराष्ट्र राज्य खेती निगम (पुणे स्थित) के प्रबंध निदेशक राहुल रंजन महिवाल का तबादला कर दिया गया है। द्धस् राहुल रंजन महिवाल को महाराष्ट्र कृषि शिक्षा और अनुसंधान परिषद, पुणे का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। आइए पूरी लिस्ट देखते हैं।

राहुल रंजन महीवाल (आईएएसः 2005), पुणे स्थित महाराष्ट्र स्टेट फार्मिंग कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक को महाराष्ट्र काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुणे में सदस्य सचिव के रूप में तैनात किया गया।

श्वेता सिंघल (आईएएसः 2009) को महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में आयुक्त के रूप में पोस्ट किया गया।

रुचेश जैवंशी (आईएएसः 2009) को पुणे स्थित महाराष्ट्र स्टेट फार्मिंग कॉर्पोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया।

कन्हुराज बागटे (आईएएसः 2011) को महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कल्याण में संयुक्त प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात किया गया।

लक्ष्मण राऊत (आईएएसः 2015), मुंबई स्थित महाराष्ट्र स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स के सचिव को महाराष्ट्र स्टेट खादी विलेज इंडस्ट्रीज बोर्ड, मुंबई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

गीतांजलि बाविस्कार (आईएएसः 2015), मुंबई स्थित खादी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को योजना विभाग, मंत्रालय, मुंबई में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया।

दिलीप जगदाले (आईएएसः 2015), कल्याण स्थित महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक को जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग, मंतरालय, मुंबई में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया।

पंकज देओरे (आईएएसः 2016) को महाराष्ट्र स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स, मुंबई का सचिव बनाया गया।

मिनल करणवाल (आईएएसः 2019), जालगांव जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, को नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी प्रोजेक्ट, मुंबई में परियोजना निदेशक के रूप में तैनात किया गया।

करिश्मा नायर (आईएएसः 2021), नासिक नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त को जालगांव जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

अमित रंजन (आईएएसः 2022), पंधरकवाडा के इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के परियोजना अधिकारी और यवतमाल के केलापुर उप-समूह में सहायक कलेक्टर को नासिक नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त के रूप में तैनात किया गया।

### पहले भी हुआ था भारी फेरबदल

इसके पहले, 2 अप्रैल को राज्य सरकार ने 25 अधिकारियों का तबादला किया था। जी. श्रीकांत (आईएएसः 2009), छत्रपति संभाजी नगर नगर निगम के आयुक्त को जल जीवन मिशन, नवी मुंबई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में तैनात किया गया।

# मैच के बीच बजा दिया DJ, वाइब्रेशन के बीच छत्ते से उड़ने लगीं मधुमक्खियां, हमले में रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

महानगर मेट्रो



**चंद्रपुर ।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले से हड़कंप मच गया. तेज DJ की आवाज से भड़की मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों और दर्शकों पर हमला कर दिया, जिसमें एक रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई. वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए हैं. महाराष्ट्र के चंद्रपुर से दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां मधुमक्खियों के हमले में एक रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए. यह हादसा उस समय हुआ, जब चंद्रपुर थर्मल पावर स्टेशन के ग्राउंड में क्रिकेट मैच खेला जा रहा था और वहां तेज आवाज में DJ बज रहा था. मृतक की पहचान 65 साल के मधुकर रंगारी के रूप में हुई है, जो पास के नवेगांव-सिंहला गांव के रहने वाले थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मैच के दौरान DJ की तेज आवाज और कंपन के कारण पास में मौजूद मधुमक्खियों का छत्ता भड़क गया. अचानक बड़ी संख्या में मधुमक्खियां उड़कर मैदान में आ गईं और वहां मौजूद खिलाड़ियों व दर्शकों पर हमला कर दिया. हमला इतना अचानक और तेज था कि मैदान में अफरा-तफरी मच गई. खिलाड़ी और दर्शक अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. कई लोग जमीन पर लेट गए तो कुछ ने अपने कपड़ों से खुद को ढकने की कोशिश की. इस दौरान तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया.



अस्पताल में डॉक्टरों ने मधुकर रंगारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य घायलों का इलाज जारी है. डॉक्टरों के मुताबिक, मधुमक्खियों के कई डंक लगने से उनकी हालत गंभीर हो गई थी, जिससे उनकी जान नहीं बचाई जा सकी. स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जगह यह घटना हुई, वहां पहले से मधुमक्खियों का छत्ता मौजूद था, लेकिन इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया. DJ की तेज आवाज के बीच मधुमक्खियां उड़ने लगीं, जिससे वे आक्रामक हो गईं और हमला कर बैठीं. घटना के बाद कुछ देर तक मैदान में दहशत का माहौल बना रहा. जब मधुमक्खियां शांत हुईं, तब जाकर हालात काबू में आए और लोगों ने राहत की सांस ली. इस दौरान का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग मधुमक्खियों से बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं.

# उमा भारती ने सड़क पर बेचा पोहा-जलेबी, ठेला हटाने की कार्रवाई के खिलाफ अनोखा विरोध

**गरीब विक्रेताओं की रोजी-रोटी बचाने की मांग, कार्रवाई को बताया 'तानाशाहीपूर्ण'**

महानगर मेट्रो

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई से नाराज़ होकर पूर्व सीएम उतरीं सड़क पर



**टीकमगढ।** मध्य प्रदेश का टीकमगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का गृह क्षेत्र है. उमा भारती टीकमगढ़ में सड़क के किनारे मंगलवार को पोहा और जलेबी बेचती नजर आईं. इस तरह नगर पालिका के खिलाफ उमा भारती ने अपना विरोध जताया. लेकिन क्या अब अतिक्रमण के खिलाफ अभियान खत्म हो जाएगा?

बीजेपी की फायर ब्रांड नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व सीएम उमा भारती मंगलवार टीकमगढ़ में सड़क के किनारे ठेले पर पोहा और जलेबी बेचती हुई नजर आईं. ऐसे में सवाल उठने लगा कि आखिर उमा भारती की क्या मजबूरी रही है कि उन्हें सड़क के किनारे पोहा बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा है?

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने पोहा और जलेबी का ठेला लगातर अपना विरोध दर्ज कराया है, क्योंकि टीकमगढ़ के एसडीएम ने अतिक्रमण खत्म करने के लिए अभियान चला रखा है. इसके तहत टीकमगढ़ नगर पालिका ने मंगलवार को सड़क किनारे लगे ठेले और गुमटी को तोड़कर हटा दिए थे.

नगर पालिका के अभियान के खिलाफ उमा भारती सड़क पर उतरकर विरोध जताया. उमा भारती खुद टीकमगढ़ की सड़क के किनारे ठेले पर जलेबी और पोहा बेचने के लिए उतर गई. इस दौरान प्रशासन की कार्रवाई पर विरोध जताया और ने अधिकारियों से गरीब विक्रेताओं की रोजी-रोटी न छीनने और उनकी दुकानें वापस लगवाने की अपील करती नजर आईं.

### पोहा और जलेबी बेचती उमा भारती

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो टीकमगढ़ में सड़क किनारे पोहा बेचते नजर आ रही हैं. इसकी वजह यह रही कि सड़क किनारे लगने वाले ठेलों को टीकमगढ़ नगर पालिका ने हटाने का अभियान चला रखा है. इससे उनकी रोजी रोटी पर संकट आ गई है.

टीकमगढ़ नगर पालिका की कार्रवाई के विरोध में पूर्व सीएम उमा भारती उतर आई हैं विरोध जताने के लिए उमा भारती अनोखे अंदाज में सिविल लाइन थाना क्षेत्र पहुंचीं. इसके बाद उन्होंने ठेले वाले की दुकान पर खड़े होकर पोहा और जलेबी बेचकर प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध जताया. प्रशासन के कार्रवाई को 'तानाशाहीपूर्ण बताया.

### उमा भारती क्यों सड़कों पर उतरी

उमा भारती बीजेपी की दिग्गज नेता हैं और एक समय उनकी सियासी तूती बोला करती थी. सोमवार को उनके गृह क्षेत्र टीकमगढ़ में नगर पालिका क्षेत्र, एसडीएम और तहसीलदार की टीम ने सिविल लाइन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया. इस दौरान जेसीबी से कई छोटी दुकानें और हाथठेले हटा दिए गए थे. उमा भारती ने इस कार्रवाई का विरोध किया था और छोटे दुकानदारों को हटाने को गलत बताया था. इसी को लेकर मंगलवार सुबह वे सिविल लाइन रोड स्थित बंगले से निकलकर हाथठेले पर पहुंचीं. यहां खुद पोहा-जलेबी बेचकर दुकानदारों का समर्थन किया और एक ठेला वालों से दोबारा सड़क किनारे ठेले लगाने को कहा.

### उमा भारती ने सीएम से की बात

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि ये छोटे व्यापारी दिनभर मेहनत करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं. इस तरह की कार्रवाई उनके जीवन पर सीधा असर डालती है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में फिर इस तरह की कार्रवाई की गई तो वे खुलकर विरोध करेंगी. उन्होंने अधिकारियों से गरीब विक्रेताओं की रोजी-रोटी न छीनने और उनकी दुकानें वापस लगवाने की अपील की. उमा भारती ने प्रशासन की इस तरह की कार्रवाई से गरीबों के जीवन पर सीधा असर डालती है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में फिर इस तरह की कार्रवाई की गई तो वे खुलकर विरोध करेंगी. उमा भारती ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर नगर पालिका अधिकारियों से चर्चा की है और मामले को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी बात की है. उन्होंने मांग की कि गरीबों को उनके स्थान पर ही रोजगार करने दिया जाए.

## पार्षदों को खर्च करने को मिलेंगे 1 करोड़, स्टैंडिंग कमेटी से सबसे बड़ा बजट मंजूर



महानगर मेट्रो

**मुंबई ।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में करीब पौने चार साल के अंतराल के बाद पार्षद यानी नगरसेवक अपनी निधियों से विकाय कार्य काएंगे। बीएमसी में बीजेपी-शिवसेना के सत्ता काबिज होने के बाद स्टैंडिंग कमिटी ने पार्षदों का बजट तय कर दिया है। पार्षदों को हर साल 1 करोड़ रुपये की निधि विकास कार्यों के लिए मिलेगी। बीएमसी के साल 2026-27 के लगभग 80,952 करोड़ रुपये के बजट को मंजूर किया है। बीएमसी में बजट पर चली लंबी चर्चा के बाद सोमवार को मुहर लगी। समिति ने इसमें 800 करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी करते हुए इसे अंतिम रूप दिया।

### 9 अप्रैल को लगेगी अंतिम मुहर

बीएमसी स्टैंडिंग कमेटी द्वारा मंजूर किया गया बजट 9 अप्रैल को महासभा के समक्ष अंतिम स्वीकृति के लिए रखा जाएगा, जहां औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। बीएमसी प्रशासन ने 25 फरवरी को यह बजट पेश किया था। तब बीएमसी के आयुक्त भूषण गगरानी थे। अब बीएमसी की कमिश्नर आईएएस अश्विनी भिड़े हैं। इस बार के बजट में सबसे अहम पहलू नगरसेवकों के लिए विकास निधि का प्रावधान है, जो करीब तीन सालों के अंतराल के बाद फिर से शुरू किया गया है। वर्ष 2021-22 में जहां 600 करोड़ रुपये की निधि निर्धारित की गई थी, वहीं इस बार इसे बढ़ाकर 800 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

### बीएमसी में 227 पार्षद हैं

यह राशि को बीएमसी के 227 नगरसेवकों के बीच बांटी जाएगी। इसमें औसतन सालाना एक करोड़ रुपये तक की राशि मिल सकती है। बजट में मेयर फंड के तहत 100 करोड़ रुपये अलग से निर्धारित की गई है। बीएमसी में स्टैंडिंग की कुर्सी बीजेपी के पास है। बीजेपी के प्रभाकर शिंदे ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच करीब 313 करोड़ रुपये के वितरण का प्रस्ताव है। बीएमसी में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी विपक्ष में है। लंबे वक्त के बाद उद्धव की पार्टी विपक्ष में आई है। मुंबई बीएमसी देश की सबसे अमीर नगर महापालिका है। इसका बजट देश के कई छोटे राज्यों से भी अधिक है।

## बच्चे के रोने-धोने से तंग थी...मां ने 11 माह के नवजात को मारकर कुएं में फेंका

महानगर मेट्रो

**पुणे ।** महाराष्ट्र राज्य के पुणे के रंजनगांव इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक मां ने अपने ही 11 महीने के बेटे की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया. शुरुआती कहानी झूठी निकली तो पुलिस पूछताछ में सच सामने आया. आरोपी महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच जारी है. पुणे जिले के रंजनगांव एमआईडीसी इलाके से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने एक 22 साल की महिला को अपने 11 महीने के मासूम बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है. यह घटना 8 मार्च की बताई जा रही है, जबकि आरोपी महिला को पुलिस ने 7 अप्रैल को हिरासत में लिया.

### 'वो खुद गिर कर मर गया था तो...'

पुलिस के अनुसार, महिला के पति ने पिछले महीने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी अपने बेटे को लेकर घर से कहीं चली गई है. जांच के दौरान पुलिस ने महिला को जिले के जांबुत गांव में 5 अप्रैल को तलाश लिया. शुरुआती पूछताछ में महिला ने दावा किया कि बच्चा घर में गिर गया था, जिससे उसकी मौत हो गई. उसने डर के कारण शव को एक बैग में रखकर खेत के कुएं में फेंक देने की बात कही. महिला के इस बयान के आधार पर पहले आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस को उसके बयान में कई विरोधाभास नजर आए. इसके बाद सख्ती से पूछताछ की गई, जिसमें महिला ने अपना जुर्म कबूल कर लिया.

### बच्चे के रोने धोने से तंग थी, पीछा छुड़ाना था

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी महिला ने बताया कि वह अपने बच्चे के रोने धोने के व्यवहार से परेशान थी और अपने पति को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ नई जिंदगी शुरू करना चाहती थी. उसे लग रहा था कि बच्चा उसके रास्ते में बाधा बन रहा है. इसी मानसिक स्थिति में उसने इस वारदात को अंजाम दिया. जांच के दौरान पुलिस ने कुएं से शव बरामद किया, जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार कराया गया. फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है. अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके.

## 'अपना दुख किसे बताऊं, मैं अकेला पड़ गया हूं', दोस्तों ने जन्मदिन पर नहीं बुलाया तो युवक ने कर ली खुदकुशी

महानगर मेट्रो

**मुंबई ।** महाराष्ट्र राज्य के बीड जिले के कुंबेफल गांव में 24 वर्षीय महेश भणगे ने दोस्तों के साथ हुए विवाद और जन्मदिन में न बुलाए जाने से मानसिक तनाव के चलते जहर पीकर अपनी जान दे दी. परिजन उसे छत पर बेहोश पाया और तुरंत ही उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की. लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. बीड जिले से सुसाइड का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जिले के कुंबेफल गांव में एक 24 वर्षीय युवक ने दोस्तों द्वारा जन्मदिन पर न बुलाए जाने और अकेलेपन के कारण जहर पीकर आत्महत्या कर ली. मृतक युवक की पहचान महेश उद्धव भणगे के तौर पर हुई है. इस घटना से गांव और आसपास के लोगों सदमे में हैं.पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि महेश का कुछ दिन पहले अपने दोस्तों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था. महेश हमेशा दोस्तों की मदद करता और उनके जन्मदिन के आयोजनों में सबसे आगे रहता था. लेकिन पिछले सोमवार (6 अप्रैल) को जब उसके दोस्तों में से किसी का जन्मदिन था, तो महेश को इस कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया. इस बात से महेश का मन बहुत आहत हुआ और वह डिप्रेशन और अकेलेपन में चला गया. मंगलवार दोपहर महेश घर की छत पर अकेले सोने गया. इसी दौरान उसने पानी के लोटे में जहरीला पदार्थ मिलाकर पी लिया. रात करीब 8 बजे जब वह नीचे नहीं आया, तो परिजन उसे देखने के लिए छत पर पहुंचे. वहां महेश बेहोश पड़ा मिला. परिवार ने तुरंत उसे अंबाजोगाई के स्वामी रामानंद तीर्थ ग्रामीण सरकारी अस्पताल ले जाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. महेश ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल पर एक भावुक स्टेटस लिखा था. इसमें उसने कहा था कि अपना दुख किसे बताऊं, मैं अकेला पड़ गया हूं. इस स्टेटस से लग रहा है कि वो मानसिक दर्द और अकेलेपन से जूझ रहा था. महेश के पिता ने अपने बेटे के भविष्य के लिए अपनी जमीन बेचकर अंबाजोगाई शहर में उसे एक कपड़ों की दुकान खोलकर दी थी. परिवार के लिए यह हादसा बड़ा झटका साबित हुआ. जवान बेटे की मौत से घर और गांव में शोक की लहर फैल गई. अंबाजोगाई ग्रामीण पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है. पुलिस आसपास के लोगों और महेश के दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है. गांव में लोग परिवार को सांत्वना दे रहे हैं. और घटना की वजह से सभी गहरे दुख में हैं.



